समाचार

# गोधन न्याय योजना का शुभारंभ किया राजस्व मंत्री ने

## (निगम के गोकुलनगर गोठान में हुआ आयोजन, दो रूपये किलो खरीदा जाएगा गोबर, हितग्राहियों को मिली हितग्राही खाताबुक)



कोरबा 20 जुलाई 2020 –राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के गोकुलनगर गोठान में गोधन न्याय योजना का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होने हल, नागर, जूड़ा, कृषि यंत्रों व गेढ़ी की पूजा की तथा पशुपालकों को हितग्राही खाताबुक प्रदान किया। उन्होने शुभारंभ पट्टिका का अनावरण कर योजना का शुभारंभ किया तथा लोक पर्व हरेली की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी सहित एम.आई.सी.के सदस्यगण व पार्षदगण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी की महती योजना गोधन न्याय योजना का आज लोकपर्व हरेली के शुभ अवसर पर शुभारंभ किया गया। इस योजना के अंतर्गत पशुपालकों, किसानों से दो रूपये प्रतिकिलो की दर से गोबर खरीदा जाएगा और उससे जैविक खाद तैयार किया जाएगा। आज नगर पालिक निगम कोरबा के गोकुलनगर स्थित गोठान परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने इस योजना का शुभारंभ किया, उन्होने हल, नागर, जूड़ा, कृषि यंत्रों तथा गेढ़ी की पूजा की, शुभारंभ पट्टिका का अनावरण किया तथा पशुपालक हितग्राहियों को हितग्राही खाताबुक प्रदान किया। मंत्री श्री अग्रवाल ने गोठान की गौमाताओं को कलेवा खिलाया तथा स्वसहायता समूह के सदस्यों को पौधों का वितरण किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने पशुपालकों, किसानों के हित में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए गोधन न्याय योजना का क्रियान्वयन किया है, इस योजना के तहत सरकार पशुपालकों से दो रूपये किलो की दर से गोबर खरीदेगी, फिर उससे जैविक खाद तैयार किया जाएगा, योजना का मुख्य उद्देश्य पशुपालन को बढ़ावा देने के साथ–साथ कृषि लागत में कमी और भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाना हैं, इस योजना से पर्यावरण में सुधार एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था में

बड़े बदलाव की संभावनाओं के साथ–साथ बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। इस मौके पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने लोक महापर्व हरेली की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी, साथ ही वन विभाग हरियाली प्रसार योजनांतर्गत आमजन को निःशुल्क पौधों का वितरण भी किया। इस अवसर पर आयुक्त श्री एस.जयवर्धन, डी.एफ.ओ.गुरूनाथन एन., अपर आयुक्त अशोक शर्मा, एम.आई.सी.सदस्य संतोष राठौर, सपना चौहान, पालूराम साहू, फूलचंद सोनवानी, पार्षद अनिता यादव उपस्थित थे।

**परिसर में किया वृक्षारोपण**– राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने इस अवसर पर गोकुलनगर गोठान परिसर में वृक्षारोपण किया, उनके साथ महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, आयुक्त श्री एस.जयवर्धन, डी.एफ.ओ. गुरूनाथन एन., अपर आयुक्त अशोक शर्मा, मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, सपना चौहान, पालूराम साहू, फूलचंद सोनवानी, पार्षद अनिता यादव ने भी वृक्षारोपण किया। इस मौके पर पूर्व पार्षद मनकराम साहू व सुकुंदी यादव, चन्द्रकांत यादव, निगम के अधीक्षण अभियंता ग्यास अहमद, कार्यपालन अभियंता ए.के.शर्मा, आर.के.माहेश्वरी, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, डॉ.संजय तिवारी, निगम सचिव पवन वर्मा, एन.के.नाथ, विपिन मिश्रा, आनंद राठौर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**तीन स्थानों पर बनाए गए गोबर खरीदी केन्द्र**– नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा गोधन न्याय योजना के अंतर्गत पशुपालकों, किसानों से दो रूपये प्रतिकिलो की दर से गोबर की खरीदी करने हेतु निगम क्षेत्र में प्रथम चरण में तीन स्थानों पर गोबर खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें गोकुलनगर गोठान, पम्प हाउस स्थित नंदीश्वान योजना स्थल तथा दर्रीखार स्थित एस.एल.आर.एम.सेंटर थाना के पास दर्री आदि स्थल शामिल हैं, इन स्थानों पर पशुपालकों से गोबर की खरीदी महिला स्वसहायता समूह के माध्यम से की जाएगी। निगम क्षेत्र में आगे क्रमशः और गोबर खरीदी केन्द्र स्थापित किए जाएंगे।